नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला

वर्धा, 06 फरवरी 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता की तरफ से आगामी 12 फरवरी 2018 को ''साहित्य, पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है| इस कार्यक्रम के संयोजक और सहायक प्रोफ़ेसर डॉ सुनील कुमार ने बताया कि पहले सत्र में ''सृजनात्मक लेखन'' पर कार्यशाला होगी, जिसकी अध्यक्षता हिंदी विभाग, कोलकाता विश्वविद्यालय की पूर्व अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो. चंद्रकला पाण्डेय करेंगी| इसमें बीएचयू के प्रो. अवधेश प्रधान कहानी लेखन और कवि-आलोचक श्री उदयन वाजपेयी कविता लेखन पर अपना वक्तव्य देंगे| दूसरे सत्र में ''साहित्य और पत्रकारिता का अंतर्संबंध'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व कुलपति श्री अच्युतानंद मिश्र करेंगे| इस सत्र के मुख्य अतिथि प्रसिद्द पत्रकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष श्री रामबहादुर राय होंगे|इसमें श्री विजयदत्त श्रीधर, श्री सच्चिदानंद जोशी और प्रो. अवधेश प्रधानवक्ता के तौर पर शिरकत करेंगे| यह कार्यक्रम क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता परिसर, ऐकतान, सॉल्ट लेक, सेक्टर-03में सुबह 10.30 से अपराह्न 02.30 के बीच संपन्न होगा|